आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 17.05.2025    समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए प्रमुख साझेदार देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगीं
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे की तैयारियों को लेकर बीकानेर में बैठक कीं
- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2025 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगां
- प्रदेश में प्रचण्ड गर्मी का असर–बीकानेर, चूरू और श्रीगंगानगर सहित कई स्थानों पर हीटवेव के हालातं

000

भारत आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प में मजबूत और अडिग देश हैं केन्द्र सरकार इस दृष्टिकोण को बताने के लिए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमण्डल विभिन्न देशों में भेज रही हैं ये दल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के नजरिए को बताएगां ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगें इनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगें ये दल दुनिया को बताएगा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति रखता हैं इन सात शिष्टमंडलों का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करूणानिधि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और शिव सेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे करेंगें इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधि मण्डल भारत का साझा संदेश को लेकर चलेगां उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मतभेदों से अलग राष्ट्रीय एकता का शक्तिशाली प्रतीक हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर आयेंगें वे देशनोंक से 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगें रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि इन स्टेशनों को सिटी सेंटर की तर्ज पर दुबारा विकसित किया गया हैं ये स्टेशन क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को दर्शाते हैं

................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बीकानेर पहुंचें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने बीकानेर संभाग के भाजपा पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक कीं श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की सभा को लेकर व्यापक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दियें इस

दौरान केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहें मुख्यमंत्री ने देशनोक में करणी माता मन्दिर के दर्शन किये और इसके बाद वे तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुएं इस बीच जैसलमेर के रामदेवरा में आज तिरंगा यात्रा निकाली गईं इस दौरान समूचे वातावरण में देशभक्ति गीतों की गूंज रहीं वहीं भारतीय सेना के सम्मान में कल पाली में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगीं

000

सेवानिवृत्त मेजर जनरल अनुज माथुर ने सशस्त्र बलों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बधाई देते हुए कहा है कि भारतीय सशस्त्रबलों ने पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया हैं आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करना चाहिएं

......................

श्रोता, ऑपरेशन सिन्दूर पर मेजर जनरल अनुज माथुर के साथ की गई बातचीत पर आधारित विशेष कार्यक्रम आज रात 8 बजे आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से सुन सकते हैं

000

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है किन्तु कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने में पीछे नहीं हटेगां डॉक्टर भागवत आज जयपुर में रविनाथ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि भारत दुनियाभर में शांति और सौहार्द के लिए काम कर रहा हैं उन्होंने देश की प्राचीन संस्कृति और विश्व कल्याण की शक्ति के लिए काम करने पर जोर दियां

.....................

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2025 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगां रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में चीन, अमरीका और यूरोपीय संघ को पीछे छोड़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव तीन प्रतिशत की बढोतरी करेगीं रिपोर्ट में बताया गया है कि अगले वर्ष भारत की अर्थव्यवस्था छह दशमलव चार प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत कीं श्री बिरला ने ईटावा–खातौली क्षेत्र में 40 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कियां इस दौरान श्री बिरला ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और सड़क निमार्ण में कोई कमी नहीं रखी जाएगीं

...........................

लोकसभा अध्यक्ष ने कोटा में किये जा रहे विकास कार्यों का भी जायजा लियां श्री बिरला ने सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत करने और अतिक्रमण हटाने को लेकर भी दिशा–निर्देश दियें

000

भरतपुर की हथेनी ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक योजना का शुभारम्भ किया गयां प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल के तहत इस पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई हैं इसके जरिये वैवाहिक और अन्य मांगलिक समारोहों में प्लास्टिक के स्थान पर स्टील के बर्तनों के उपयोग का आह्वान किया गयां बर्तन बैंक योजना के जिला समन्वयक ने बताया कि पंचायत में होने वाले आयोजनों के लिए स्टील के बर्तन किफायती दर पर उपलब्ध करवाये जायेंगें

000

हनुमानगढ़ जिले में बीती रात हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गयें दुर्घटना अमृतसर–बठिण्डा राष्ट्रीय राजमार्ग 54 पर मलसिया कला गांव के पास ट्रक और कार के बीच टक्कर से हुईं सभी मृतक नौहर क्षेत्र के रहने वाले थें

उधर बारां जिले के जलवाड़ा गांव में तलाई में बैठी 60 से अधिक भैंसों की मौत हो गईं इसका कारण करंट फैलना बताया जा रहा है, हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई हैं

000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर हैं बीकानेर, चूरू और श्रीगंगानगर जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गयां वहीं पिलानी, बाड़मेर, जैसलमेर और फलौदी में अधिकतम तापमान 44 डिग्री से उपर मापा गयां ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर रिकॉर्ड किया जा रहा हैं श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में प्रचण्ड गर्मी का असर जारी हैं

.......................

मौसम विभाग ने बीकानेर और श्रीगंगानगर में 20 मई तक अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री के आसपास दर्ज होने की संभावना जताई हैं वहीं आज कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा सहित नौ जिलों में आंधी और हल्की से मध्यम बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया हैं इन जिलों में तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई गई हैं भरतपुर में दोपहर बाद तेज अंधड़ के साथ हल्की बरसात हुईं

जयपुर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने प्रमुख चौराहों और सड़कों पर स्मॉग गन से पानी का छिड़काव शुरू कर दिया हैं साथ ही ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन शेड लगाए गए हैं ताकि लोग धूप से बच सकें

000

अजमेर नगर निगम के नये भवन का आज उद्घाटन किया गयां विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसका शुभारम्भ कियां इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहें नये भवन पर करीब 30 करोड़ रूपये की लागत आई हैं

000

संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2024 कल आयोजित की जायेगीं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से होने वाली ये परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगीं जयपुर में परीक्षा के लिए 35 केन्द्र बनाए गए हैं

000

दुनियाभर में आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा हैं इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना हैं इस वर्ष का विषय है – अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवनं इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व के बारे में भी बताया जाता हैं पाली, बांसवाड़ा और करौली में लोगों को उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गईं

0000